**आकाशवाणी शिमला**

**21.09.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे**

**जीएसटी**

वस्तु व सेवा कर यानि जीएसटी की नई दरें कल 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। कंपनियों ने ग्राहकों को लाभ देने के लिए कई उत्पादों का दाम कम करने का सिलसिला जारी रखा है। कल से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन में इससे बाजारों में खासी रौनक रहने की संभावना है। सरकार ने संशोधित जीएसटी दरों से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। इसमें ऑटोमाबाइल बैकिंग, ई–कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य उप श्रेणियां हैं। इस बीच अमूल ने दूध समेत सात सौ उत्पादों के दाम कम कर दिए हैं। इनमें घी, मक्खन, आईसक्रीम, बेकरी और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

**सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन को नेता विपक्ष जयराम ठाकुर और जिसे पार्श्व गायक मोहित चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ रहने का संदेश देना है। तीन किलो मीटर की मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं व अन्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर नेता नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नशा हिमाचल प्रदेश में तेज गति से फैल रहा है ऐसे में नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की जरूरत है। प्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने कहा कि युवा गलत रास्ते पर न जाए इसके लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है।

**सूर्य ग्रहण**

आज साल का आखिरी सूर्य ग्रहण है। यह ग्रहण पूर्वी डेलाइट समय के अनुसार दोपहर 1 बजकर 29 मिनट और भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगा और दक्षिणी गोलार्ध में ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर और अन्य क्षेत्रों में दिखाई देगा, जबकि भारत में यह नहीं दिखाई देगा।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

अमर उजाला उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के हवाले से लिखता है– **उद्योग लगाने को अब 5 साल के लिए मिलेगी धार–118 की मंजूरी।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है– **अगले सत्र से प्रदेश के सौ स्कूलों में शुरू होगा सी.बी.एस.ई कोर्स।**

ग्रामीण इलाकों में घर बनाने के लिए पंचायत से लेनी होगी अनुमति **पंजाब केसरी** की एक सुर्खी है।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**शानन प्रोजेक्ट पर अब फैसले की घड़ी केंद्र सरकार ने दायर किया अपना जवाब, कल होगी सुनवाई।**

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है– **पी.एम. जी.एस.वाई में प्रदेश की 301 नई सड़कों का प्रस्ताव।**

————————